भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2945**

**06 अगस्त, 2025 के लिए प्रश्न**

**भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना**

**2945. श्री संतोष पाण्डेय:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कबीरधाम में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना स्थित इथेनॉल संयंत्र से शुगरकेन सिरप और मोलेसेस की अनियमित खरीद, बिक्री और दर निर्धारण के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि सहकारी शक्कर कारखाने द्वारा मोलेसेस की खरीद और बिक्री के लिए बिना निविदा के दर निर्धारित की गई है, और कारखाने से खरीद और बिक्री से अर्जित धन की वसूली पुनः निविदा के माध्यम से की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सहकारी शक्कर कारखाने द्वारा मोलेसेस का वितरण पाइपलाइन के माध्यम से किया जाता है; और

(घ) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान वितरित मोलेसेस की मात्रा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क)**: केंद्र सरकार को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कबीरधाम में स्थित इथेनॉल संयंत्र से गन्ना रस और शीरे की अनियमित खरीद-बिक्री तथा दर निर्धारण के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। हालाँकि, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को माननीय सांसद श्री संतोष पांडे द्वारा उपरोक्त विषय पर की गई शिकायत प्राप्त हुई है।

**(ख)**: जी, नहीं।

**(ग)**: जी हाँ, सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से शीरा वितरित किया जा रहा है।

**(घ)**: पिछले तीन वर्षों के दौरान शक्कर कारखाना द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से वितरित शीरे का विवरण इस प्रकार है:

| वर्ष | शीरे की मात्रा (टन) |
|---|---|
| 2022-23 | 50 |
| 2023-24 | शून्य |
| 2024-25 | 4100 |

*****